दस हजार कार्यकर्ताओं की भागीदारी से निकलेगी लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा

पोलो मैदान में दस विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग काउंटर, सांसद ने लिया तैयारियों का जायजा

दरभंगा (आससे)। लहेरियासराय स्थित पोलो मैदान से दस हजार कार्यकर्ताओं की विशाल भागीदारी के साथ प्रस्तावित %लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ% पदयात्रा प्रारंभ होगी। इसके लिए जिले के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का अलग-अलग काउंटर पर पंजीकरण कराया



जाएगा। कार्यकर्ताओं के आगमन, वाहनों की पार्किंग और पदयात्रा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। स्थानीय सांसद सह पदयात्रा कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. गोपालजी ठाकुर ने बिहार सरकार के मंत्री रामचंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय प्रभारी पवन जायसवाल एवं जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना सहित पार्टी नेताओं के साथ पोलो मैदान पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने पोलो मैदान में बन रहे मंच एवं पंडाल, दारुभट्टी चौक स्थित मंच तथा वाहनों के पार्किंग स्थल का जायजा लिया। इस दौरान संगठन के मंच, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि पदयात्रा के दौरान आम लोगों एवं व्यवसायियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 का संकल्प पूरा होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सपना भारती, प्रमोद चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य बाबूलाल महतो पर जानलेवा हमला

मधुबनी (आससे)। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मधुबनी जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि माकपा के जिला सचिव मंडल सदस्य बाबूलाल महतो दिनांक 12-10-26 को औसी जीरो माइल चौक से अपने घर खिखड़ीपट्टी संध्या 7.30 बजे मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहें थे धेपुरा चौक पहुंचते ही घात लगाए सभी अपराधियों ने उनको पिछा किया और रास्ते में दर्जनों अपराधियों ने रड, हथियार, लाठी डंडे से से जान मारने की नियत से हमला कर लहुलुहान कर बेहोश कर दिया,किसी तरह मौके पर पहुंचे 112 औसी पुलिस ने बिस्फी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है,सर को लोहे सड़ीया से फोर दिया जहां जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। माकपा जिला सचिव मनोज कुमार यादव, दिलीप झा,विन्दु यादव, ललित कुशवाहा, अरुण यादव ने घटना की कड़ी निंदा की है, माकपा के नेताओं ने कहा कि अविलंब मुकदमा दर्ज कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, माकपा नेता ने कहा कि मधुबनी सहित पुरे बिहार में अपराधी का मनोबल काफी बढ़ गया है और मधुबनी के प्रशासन अपराधी को दबोचने में विफल साबित हो रहें हैं, नेताओं ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता और नेताओं को अपराधी निशाना बनाकर हमला कर रहे हैं जो घोर निंदनीय है,हम जिला प्रशासन से मांग करते है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो अन्यथा प्रशासन के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा।

थानाध्यक्ष के विरुद्ध तथ्यों को बदलने एवं कार्यशैली पर लगा आरोप

77 वर्षीय वृद्धा ने एसएसपी से लगायी जांच की गुहार

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के मजरा गांव की 77 वर्षीय वृद्धा धर्मशीला देवी ने थानाध्यक्ष जाले के विरुद्ध तथ्यों को बदलने एवं उनके कार्यशैली पर आरोप लगाते हुए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने बेटी,दमाद,एवं दोनों नातियों के विरुद्ध जाले में भी आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। एसएसपी को दिए आवेदन में धर्मशीला देवी ने बताया कि 16 अक्टूबर को कुछ लोग उनके घर मजरा पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि जबरन कागजात पर हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान लेकर जेवर छीन लिए गए। उनकी पूरी संपत्ति हड़पने की कोशिश की गई। जान का खतरा महसूस होने पर वह घर से भागकर अपनी जान बचाने को मजबूर हुईं। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में 16 अक्टूबर को ही थाने में आवेदन दिया था। उनका आरोप है कि थानाध्यक्ष ने उनके आवेदन पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इसके बाद उनकी पुत्री रीमा देवी से आवेदन लेकर तथ्यों में बदलाव करते हुए 17 अक्टूबर को कांड संख्या 235/2026 दर्ज कर लिया गया। वहीं, उनके आवेदन पर कांड संख्या 236/2026 दर्ज किया गया। धर्मशीला देवी ने एसपी से दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कांड संख्या 235/2026 में निर्दोष लोगों को आरोपमुक्त करने, कांड संख्या 236/2026 के आरोपितों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा थानाध्यक्ष की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, मां-बेटी के बीच संपत्ति विवाद को लेकर दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दोनों मामलों की जांच जारी है।

पीएचसी उत्कर्मित हो प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना

खानपुर/ समस्तीपुर (आससे)। प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करके राज्य के 135 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमित कर दिया जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर को प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया किसी अतुलनीय वरदान से कम नहीं है अब प्रखंडक्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा सुविधा मिलेगी जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ बच्चा रोग विशेषज्ञ नेत्र विशेषज्ञ सर्जन और मेडिकल ऑफिसर समेत 13 डॉक्टरों की सेवा मिलेगी स्टाफ नर्स ड्रेसर आदि की सुविधा निशुल्क एक्स-रे,ईसीजी के साथ-साथ पैथोलॉजी की सुपर स्पेशलिस्ट रेंज की जांच जैसे लिवर फंक्शन टेस्ट किडनी फंक्शन टेस्ट लिक्विड प्रोफाइल विटामिन प्रोफाइल थाइरॉएड प्रोफाइल ए एस ओ टाइट सीआरपी सीबीसी , टीवी की जांच फाइलेरिया की जांच मुख और दांत से संबंधित बीमारियां और मुंह के कैंसर की जांच गर्भाशय की जांच तथा अन्य कई सारी सुविधा मिलेगी निकट भविष्य में अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना भी की जा रही जिसमें स्थल निरीक्षण का कार्य पूरा हो चुका है अस्पताल के लैब तकनीशियन और एक चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार सिंह को रक्त संग्रहण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सिविल सर्जन डॉक्टर राजीव कुमार ने इस कार्य के लिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ,स्थानीय विधायक डॉ मंजरिक मृणाल को समस्तीपुर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से धन्यवाद अर्पित किया गया वही अब जल्दी से जल्दी सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिलनी चाहिए वह सारी सुविधाएं स्वास्थ्य विभाग खानपुर को उपलब्ध कराएगा की बात कहीं गयी है।

श्रीराम कथा आयोजन को लेकर आदर्शनगर समस्तीपुर में बैठक आयोजित

समस्तीपुर(आससे)। श्रीराम कथा आयोजन समिति आदर्शनगर, समस्तीपुर की बैठक समाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में विनय ठाकुर के आवासीय परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें दिनांक 16 दिसंबर 2026 से 24 दिसंबर 2026 को भगवान श्रीराम कथा एवं 25 दिसंबर 2026 को भगवान श्रीराम जानकी विवाहोत्सव का आयोजन आर वी पैलेस होटल एण्ड रिसोर्ट आदर्श नगर कृष्णा हॉस्पीटल से पश्चिम मयंक ठाकुर के विवाह भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें भगवान श्रीराम कथा वाचक व्यास कृष्णा जी का सुनिश्चित किया गया है। वहीं भगवान श्रीराम जानकी विवाहोत्सव स्थानीय मंडली द्वारा किया जाएगा। इस श्रीराम कथा एवं श्री राम जानकी विवाहोत्सव के सफल संचालन हेतु रामकथा आयोजन समिति आदर्शनगर का पुनर्गठन किया गया जिसमें संरक्षक विद्यानंद झा , संयोजक दीपक ठाकुर, अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती माला शर्मा, लालबहादुर शर्मा, सचिव संजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष विनय कुमार ठाकुर, श्रीराम कथा समिति सदस्य मुकेश कुमार सिंह,कृपा शंकर झा,निरंजन सिंह उर्फ लालजी, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य 11 लोगों को बनाया गया है।

एमआरएम कॉलेज ने इंटर्नशिप के लिए ईजी इंटर्न कंपनी से किया एमओयू

नयी शिक्षा नीति के तहत छात्राओं को मिलेगा नि:शुल्क इंटर्नशिप का अवसर

दरभंगा (आससे)। एमआरएम कॉलेज के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा।

महाविद्यालय में प्रधानाचार्या प्रो. पुष्पम नारायण की अध्यक्षता में ईजी इंटर्न कंपनी के साथ इंटर्नशिप को लेकर एमओयू किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने एमओयू की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक सीबीसीएस प्रणाली के पांचवें सेमेस्टर में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है। छात्राओं के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय ने यह पहल की है। उल्लेखनीय है कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का इस कंपनी के साथ पिछले वर्ष ही एमओयू हो चुका है।

महाविद्यालय की इंटर्नशिप नोडल पदाधिकारी डॉ. वंदना कुमारी ने कहा कि इस पहल से छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक कार्यक्षेत्र से जोड़ने का अवसर मिलेगा। यह इंटर्नशिप पूरी तरह नि:शुल्क होगी,



जिससे छात्राएं बिना किसी आर्थिक बाधा के व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, कुशल एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। प्रधानाचार्या प्रो. पुष्पम नारायण ने इस पहल के लिए सभी को बधाई देते हुए छात्राओं से नि:शुल्क इंटर्नशिप का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

विधि सेवा दिवस पर 9 नवंबर को चलेगा घर-घर विधिक जागरूकता अभियान

दरभंगा (आससे)। विधि सेवा दिवस के अवसर पर आगामी 9 नवंबर को जिले के शहरी, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य गरीब, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित लोगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के साथ नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए पारा विधिक स्वयंसेवकों की टीम गठित कर उनकी प्रतिनियुक्ति की गई है। स्वयंसेवक निर्धारित पंचायतों, गांवों, टोलों, मोहल्लों एवं वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को विधिक सेवाओं की जानकारी देंगे। अभियान के दौरान नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की पात्रता एवं प्रक्रिया, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता एवं आपसी सहमति से विवादों के समाधान की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों के अधिकार, संरक्षण एवं बाल-अनुकूल विधिक सेवाओं के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

अधिवक्ताओं के कल्याणार्थ सरकार से उठाये गये कदमों की सराहना : अधिवक्ता संघ

मधुबनी (आससे)। व्यवहार न्यायालय अधिवक्ता संघ भवन के लॉर्ड बुद्धा हॉल में वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषिदेव सिंह की अध्यक्षता में अधिवक्ता कल्याण कि दिशा में सरकारी पहल की सराहना की गई। जो युवा अधिवक्ता जनवरी 2024



के बाद ज्वाइन किए हैं, स्टाइपेंड योजना का लाभ बिहार में दिया जा रहा है। साथ ही श्री सिंह ने सरकार तथा बार काउंसिल पटना के चेयरपर्सन से मांग की अधिवक्ताओं के कल्याणार्थ , पेंशन योजना , चिकित्सीय योजना , भवन निर्माण आदि के लिए कम ब्याज दर पर राशि उपलब्ध करायी जाय । अधिवक्ताओं को भी पेंशन राशि की व्यवस्था की जाए। सरकार द्वारा जारी स्टांप वेलफेयर पांच रुपए से बढ़ाकर 25 रुपए कर दी गई , किंतु मृत्युपरांत मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी न करना नाइंसाफी दिखाता हैं। इसलिए कम से कम अधिवक्ता के निधन पर परिवार के सदस्यों को कम से कम 30 लाख रुपए सहायता राशि देने की व्यवस्था की जाए.इस गोष्ठी में अधिवक्ता वासुदेव झा ,कलिका प्रसाद सिंह ,राकेश कुमार सिंह,अजय कुमार सिंह,प्रभाकर सिंह,इन्द्रदीप कुमार सिंह,मनोज कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, नवीन दास,मो. सुहेल नैय्यर, सुशील कुमार ,कृष्णानंद मिश्र,महेंद्र नारायण ठाकुर, प्रफुल्ल चंद्र झा, मो .कमरे आलम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

जाले पीएचसी 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनेगा, प्रति केंद्र 47 पदों का प्रावधान

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), जाले को 30 शय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में अधिसूचित किया है। 30 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के तहत राज्य के 135 पीएचसी को सीएचसी के रूप में



का निर्णय लिया गया है। इसमें जाले भी शामिल है। इसके लिए जाले पूर्व मंत्री सह विधायक जीवेश कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि जाले पीएचसी को सीएचसी का दर्जा दिलाने के लिए 29 सितंबर 2026 को स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा था। इससे पहले 1 अक्टूबर 2024 को भी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति को लेकर मांग की थी।

विधायक ने बताया कि सीएचसी में उपाधीक्षक, सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, चिकित्सा पदाधिकारी, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन और फार्मासिस्ट समेत 24 प्रकार के कुल 47 पदों का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जाले, दरभंगा, मधुबनी और सीतामढ़ी की सीमा पर स्थित है। यहां तीनों जिलों के मरीज पहुंचते हैं। अब उनका प्रयास स्वीकृत पदों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की शीघ्र नियुक्ति तथा जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का होगा।

बारह सूत्री मांगों को लेकर नियोजित विशिष्ट एवं प्रधान शिक्षकों ने प्रखंड कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

फुलपरास (मधुबनी) (आससे)। प्रखंड के नियोजित एवं विशिष्ट एवं प्रधान शिक्षकों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया तथा बारह सूत्री मांगों से संबन्धित एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सुपूर्द किया। प्रमुख मांगों में जबरन स्थानांतरण पर रोक लगाने,सातवें वेतनमान का लाभ देने,पुरानी पेंसन योजना को लागू करने,नियोजित एवं विशिष्ट शिक्षकों को नियमावली के आलोक में स्नातक ग्रेड में कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ देने,सभी कोटि के शिक्षकों का वेतन भुगातन समय पर किये जाने, प्रधान शिक्षकों का वेतन संरक्षण के साथ वेतन निर्धारण कर अंतर वेतन का भुगातन करने समेत अन्य बारह सूत्री मांगें शामिल थे। धरनार्थियों ने जानकारी दी है कि उपरोक्त मांगों की पूर्ति नहीं किये जाने पर आगामी दस अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर भी धरना दिया जायेगा। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में अशोक कुमार आर्य,राम प्रसाद राम,पंकज कुमार प्रभाकर,विद्यानंद प्रसाद,राम कृष्ण राम,शिव चंद्र मल्लिक,अरविन्द कुमार,मो0 मुर्तूजा, भीम सापरी,राम ठहल साहु,शोभा लाल यादव,सतीश कुमार यादव,प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार,प्रधान सचिव लक्ष्मन प्रसाद,कुमार कुनाल,यदुवंश कुमार,हरिनंदन प्रसाद,कैलाश कुमार केसरी,मो0 शहदत हुसैन समेत अन्य शामिल थे।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा की सफलता को जदयू ने बनायी रणनीति

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और सांसद संजय झा होंगे शामिल, कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील

दरभंगा (आससे)। प्रस्तावित %लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ% पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सुशीला विवाह भवन में जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष माधव झा ने की। इसमें जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि पदयात्रा की ऐतिहासिक सफलता के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जिम्मेदारी निभानी होगी।



उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव तथा जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा दरभंगा पहुंचेंगे।महानगर अध्यक्ष माधव झा ने कहा कि पदयात्रा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर उत्साह है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी की एकजुटता और जनभागीदारी से पदयात्रा सफल होगी। बैठक में उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कन्हैया शाह, दीपक सिन्हा, नवाब अख्तर, हबीब हुसैन, प्रदीप कुमार महतो, अशरफ, मनोज शाह, शशि पटेल, अजय सत्संगी, ईश्वर चंद्र ठाकुर, मो. सलाउद्दीन, मो. मोजमिल, मो. जमीउद्दीन, मो. जमशेद एवं मनोज ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रोहन कुमार की बरामदगी को लेकर एसएच-88 पर 7 घंटे तक बवाल

डीएसपी के आश्वासन पर हटा जाम, पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम

समस्तीपुर (आससे)। जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के समर्था टोला बंधारा, कल्याणपुर दक्षिण पंचायत निवासी रोहन कुमार पिता जितेंद्र प्रसाद सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के लापता होने के मामले में बुधवार को जमकर बवाल हुआ। युवक की सकुशल बरामदगी और मामले में ठोस कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने दलसिंहसरायङ्क रोसड़ा मुख्य मार्ग SH-88 को जाम कर दिया। सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ



जमकर नारेबाजी की गई। करीब सात घंटे तक चले इस विरोध-प्रदर्शन के बाद रोसड़ा डीएसपी के आश्वासन पर जाम हटाया गया। सड़क जाम के दौरान रोसड़ा सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार मौके पर पहुंचे।

उनके पहुंचने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने और जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी वरीय पुलिस पदाधिकारी के मौके पर पहुंचने और युवक की बरामदगी को लेकर ठोस आश्वासन देने की मांग पर अड़े रहे।इसके बाद रोसड़ा डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों एवं ग्रामीणों से बातचीत की। डीएसपी ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिए जाने की बात पर लोगों को समझाया। इसके बाद करीब सात घंटे से जारी सड़क जाम समाप्त हुआ।

आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने पुलिस प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उनकी मांग है कि इस अवधि के भीतर रोहन कुमार की सकुशल बरामदगी हो अथवा मामले में ठोस कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की जाए। परिजनों को युवक के साथ अनहोनी की आशंका है, जिसे लेकर उनकी चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। इस पूरे मामले में एक कथित ऑडियो के वायरल होने से परिजनों की आशंका और गहरी हो गई है। परिजन वायरल ऑडियो के आधार पर भी मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, वायरल ऑडियो की सत्यता और उसमें सामने आ रही बातों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। करीब 7 घंटे तक सड़क जाम रहने के कारण दलसिंहसराय ङ्क रोसड़ा मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात बाधित होने के कारण एंबुलेंस को भी अपना रास्ता बदलना पड़ा। फिलहाल डीएसपी के आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया है, लेकिन इलाके में तनाव और आक्रोश बरकरार है। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती 24 घंटे के भीतर मामले में ठोस कार्रवाई करना और लापता युवक रोहन कुमार का पता लगाना है। अब सवाल यह है कि क्या पुलिस 24 घंटे के अल्टीमेटम के भीतर रोहन कुमार को सकुशल बरामद कर पाएगी या फिर ग्रामीणों का आक्रोश दोबारा सड़क पर उतरेगा ?

चार विशेष अभियान दिवस में बूथों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

◘ 4 जनवरी को प्रकाशित होगी मतदाता सूची ◘ 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति का मौका, राजनीतिक दलों को बीएलए नियुक्त करने का निर्देश

दरभंगा (आससे)। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची को स्वच्छ, शुद्ध एवं



त्रुटिरहित बनाने में राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की गई।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं। दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 18 दिसंबर तक होगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि प्रपत्र-6 से नया नाम जोड़ने, प्रपत्र-7 से नाम हटाने तथा प्रपत्र-8 से पता परिवर्तन, प्रविष्टियों में सुधार एवं ईपिक प्रतिस्थापन के लिए आवेदन किया जा सकता है। पात्र नागरिक आगामी अर्हक तिथियों 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2027 के आधार पर भी नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

विशेष अभियान दिवसों पर सभी बीएलओ अपने मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। राजनीतिक दलों को प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों, बीएलओ और आम नागरिकों के समन्वित सहयोग से ही त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार हो सकती है।

बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बघड़ा उप डाकघर के अस्थाई भवन का उद्घाटन

जल्द बनेगा नया आधुनिक भवन : डाक अधीक्षक

मोहनपुर (समस्तीपुर)। आजादी के पूर्व का बना बघड़ा डाक घर अब नया बनेगा। बुधवार को मोहनपुर प्रखंड के अंतर्गत बघड़ा उप डाकघर के अस्थायी भवन का उद्घाटन बुधवार को जिला डाक अधीक्षक राविन चंद्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला डाक अधीक्षक ने कहा कि बघड़ा उप डाकघर का पुराना भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका था। जर्जर भवन में कार्यरत कर्मियों को कार्य करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था और ग्राहकों को भी परेशानी हो रही थी। इसी को देखते हुए तत्काल प्रभाव से उप डाकघर को अस्थायी भवन में शिफ्ट किया गया है, ताकि डाक सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहें। उन्होंने आगे बताया कि पुराने जर्जर भवन को तोड़कर उसी जमीन पर जल्द ही एक नए और आधुनिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। नया भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे कर्मियों और उपभोक्ताओं दोनों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।इस मौके पर सहायक डाक अधीक्षक मनोज कुमार, डाक निरीक्षक धनंजय कुमार, उप डाकपाल सुरेंद्र कुमार, पूर्व उप डाकपाल भोला कुंवर, डाक सहायक प्रणव प्रकाश, प्रभात कुमार, डाक अधिदर्शक संजय कुमार, गौतम कुमार, शाखा उप डाकपाल बैजनाथ राय, अभिषेक राज, हेमंत कुमार, डाक सेवक बबलू कुमार, सहायक शाखा डाकपाल विकास कुमार, डाकिया रमेश कुमार, पूर्व मुखिया महेश राय सहित स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे।

तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, दो महिलाओं समेत पांच गंभीर घायल

उसरी गांव के निकट एसएच-56 पर हुआ हादसा, ग्रामीणों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा) (आससे)। एसएच-56 के कुशेश्वरस्थान-फुलतोड़ मार्ग पर उसरी गांव के निकट तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ई-रिक्शा के नीचे दबे घायलों के बीच चीख-



पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, कोला गांव निवासी मो. आसिफ, मो. आजाद और मो. नसीब ई-रिक्शा से कुशेश्वरस्थान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उसरी गांव के पास सड़क किनारे मवेशियों के लिए चारा लेकर जा रही दो महिलाओं के निकट पहुंचते ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसकी चपेट में आने से ई-रिक्शा सवार तीनों युवक और दोनों महिलाएं नीचे दब गईं। घायलों की पहचान भवन यादव की पत्नी रामदुलारी देवी, अमित यादव की पत्नी मीना देवी तथा मो. आसिफ, मो. आजाद और मो. नसीब के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी को ई-रिक्शा के नीचे से निकाला। इसके बाद दूसरे टेंपो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुशेश्वरस्थान पहुंचाया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों के परिचालन और सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने की जरूरत बताई है।

सीएम साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों ने पटना चिड़ियाघर और बिहार संग्रहालय का किया भ्रमण

शैक्षणिक यात्रा में वन्यजीव संरक्षण एवं जैव विविधता की बारीकियों से हुए रू ब रू

दरभंगा (आससे)। सीएम साइंस कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से बीएससी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ जीव-जंतुओं एवं जैव विविधता से प्रत्यक्ष रूप से



परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना चिड़ियाघर) एवं बिहार संग्रहालय का अवलोकन किया। चिड़ियाघर में उन्होंने विभिन्न वन्यजीवों की प्रजातियों, उनके प्राकृतिक आवास एवं व्यवहार का अध्ययन किया। साथ ही वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को समझा। बिहार संग्रहालय में विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों की जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। वहीं, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा अग्रहरि ने विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन एवं सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि कक्षा में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को प्रत्यक्ष अनुभव से जोड़ने में ऐसे भ्रमण की अहम भूमिका है।